# उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय हल्द्वानी

## परीक्षा समिति की 14वीं बैठक की कार्यवृत्त

| | | |
|---|---|---|
| बैठक | : | 14वीं |
| स्थान | : | विश्वविद्यालय सभागार ,हल्द्वानी |
| दिनांक | : | 14 जुलाई 2021 |
| समय | : | दोपहर 12:00 बजे |

(19)

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय हल्द्वानी (नैनीताल)

UTTARAKHAND OPEN UNIVERSITY, HALDWANI (NAINITAL)

पत्रांक:यू0ओ0यू0/परीक्षा/411(14)/2021/ दिनांक 17/07/2021

## माननीय कुलपति जी की अध्यक्षता में दिनांक 14 जुलाई 2021 (बुद्धवार) को सम्पन्न परीक्षा समिति की 14वीं बैठक का कार्यवृत्त

### बैठक में निम्न ने प्रतिभाग किया:—

1. प्रो0 ओम प्रकाश सिंह नेगी, कुलपति, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय - अध्यक्ष
2. प्रो0 एल0के0 सिंह, प्रबन्ध अध्ययन विभाग, कुमाऊँ विश्वविद्यालय परिसर, भीमताल - सदस्य
3. प्रो0 पी0एस0 बिष्ट, भौतिक विज्ञान विभाग, कुमाऊँ विश्वविद्यालय,एस0एस0जे0 परिसर, अल्मोड़ा - सदस्य
4. प्रो0 एच0पी0 शुक्ल,निदेशक, मानविकी विद्याशाखा, उ0मु0वि0वि0, हल्द्वानी - सदस्य
5. प्रो0 गिरिजा पाण्डे , निदेशक, समाज विज्ञान वि0शा0, उ0मु0वि0वि0, हल्द्वानी - सदस्य
6. प्रो0 दुर्गेश पंत,निदेशक,कम्प्यूटर विज्ञान एवं सूचना प्रौद्योगिकी विद्याशाखा,उ0मु0वि0वि0,हल्द्वानी - सदस्य
7. डा0 अखिलेश कुमार नवीन,निदेशक, विधि वि0शा0,उ0मु0वि0वि0, हल्द्वानी - सदस्य
8. प्रो0 पी0डी0 पंत,परीक्षा नियंत्रक, उ0मु0वि0वि0, हल्द्वानी - सदस्य सचिव
9. प्रो0 एच0एस0 नयाल , कुलसचिव, उ0मु0वि0वि0, हल्द्वानी - आमंत्रीत सदस्य
10. श्रीमती रूचिता तिवारी, वित्त नियंत्रक, उ0मु0वि0वि0, हल्द्वानी - आमंत्रीत सदस्य
11. डा0 आशुतोष कुमार भटट, उप परीक्षा नियंत्रक, उ0मु0वि0वि0, हल्द्वानी - आमंत्रीत सदस्य
12. श्री नवनीत महरा,तकनिकी परामर्शदाता , उ0मु0वि0वि0, हल्द्वानी - आमंत्रीत सदस्य
13. श्रीमती कमला राठौर बिष्ट, कार्यालय सहायक, उ0मु0वि0वि0, हल्द्वानी - आमंत्रीत सदस्य

सर्वप्रथम परीक्षा नियंत्रक (सदस्य सचिव, परीक्षा समिति) द्वारा कुलपति (अध्यक्ष, परीक्षा समिति ) तथा सभी उपस्थित सदस्यों का परीक्षा समिति की 14वीं बैठक में स्वागत किया गया। परीक्षा नियंत्रक ने विशेषरूप से समिति की बैठक में उपस्थित वाह्य सदस्य प्रोफेसर एल0के0सिंह एवं प्रोफेसर पी0एस0 बिष्ट का धन्यवाद किया।

तदुपरान्त परीक्षा नियंत्रक द्वारा संबंधित प्रस्तावों पर विचार हेतु सदस्यों को आमंत्रित किया जिस पर बैठक में प्रस्ताववार चर्चा की गयी तथा निम्न संस्तुति प्रदान की गई :

परीक्षा नियन्त्रक
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी (नैनीताल) उत्तराखण्ड

**प्रस्ताव–14.1 13वीं बैठक दिनांक 17 अपैल 2021 के कार्यवृत्त की पुष्टि**

परीक्षा समिति की 13वीं बैठक दिनांक 17 अप्रैल 2021 के कार्यवृत्त का परीक्षा समिति द्वारा सर्व सम्मति से अनुमोदन दिया गया।

**प्रस्ताव–14.2 परीक्षा समिति की 13वीं बैठक दिनांक 17 अप्रैल 2021 के निर्णयों पर कृत कार्यवाही**

परीक्षा समिति की 13वीं बैठक दिनांक 17 अप्रैल 2021 की कृत कार्यवाही की जानकारी परीक्षा नियंत्रक द्वारा समिति को विस्तृत रूप में दी गई जिसका समिति द्वारा अनुमोदन किया गया।

**प्रस्ताव–14.3**

**विश्वविद्यालय के वर्ष 2020–2021 से संबंधित शीतकालीन एवं ग्रीष्मकालीन सत्र (जून–2021) से संबंधित वार्षिक/सेमेस्टर परीक्षाओं के आयोजन/प्रोन्नत किये जाने के संबंध।**

**(क)** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के दिशा निर्देशों के अन्तर्गत कोविड–19 संक्रमण के मध्यनजर विश्वविद्यालय के वर्ष 2020–2021 से संबंधित शीतकालीन सत्र (दिसम्बर–2020) की सेमेस्टर परीक्षाओं एवं ग्रीष्मकालीन सत्र (जून–2021) से संबंधित वार्षिक/सेमेस्टर के (अन्तिम वर्ष/सेमेस्टर के परीक्षार्थियों को छोड़कर) मध्यवर्ती वर्ष/सेमेस्टर पाठ्यक्रमों से संबंधित (मुख्य/बैक/सुधार परीक्षा ) परीक्षार्थियों को पूर्व में लागू किये गये नियम के अनुसार प्रोन्नत **(Promote)** किये जाने पर समिति द्वारा सर्वसम्मति संस्तुति प्रदान की गई।

**(ख)** अन्तिम वर्ष/सेमेस्टर (End Term) पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं वस्तुनिष्ट प्रणाली के अन्तर्गत बहुविकल्पीय OMR पद्धति से सम्पन्न कराई जायेगी जो कुल दो घंटे (Two hour ) की होगी।

**(ग)** BA पाठ्यक्रम में प्रत्येक विषय के दोनों प्रश्नपत्रों की परीक्षा एक संयुक्त प्रश्नपत्र के रूप में एक ही समय में होगी। परीक्षार्थी को सयुक्त प्रश्नपत्र के प्रत्येक प्रश्नपत्र (खण्ड) में कुल 40 प्रश्न हल करने होंगे। प्रत्येक प्रश्न 02 अंक का होगा । दोनों प्रश्नपत्र की एक ही बुकलेट होगी **(जैसे : हिन्दी विषय के दोनों प्रश्नपत्र BAHL-101 एवं BAHL-102)** ।

चूंकि विज्ञान विषयों में तर्क (Reasoning) आदि भी सम्मिलित है तथापि BSC पाठ्यक्रम में प्रत्येक विषय के तीनों प्रश्नपत्रों की परीक्षा एक सयुक्त प्रश्नपत्र के रूप में एक ही समय में होगी। परीक्षार्थी को सयुक्त प्रश्नपत्र के प्रत्येक प्रश्नपत्र (खण्ड) में कुल 20 प्रश्न हल करने होंगे। प्रत्येक प्रश्न 02 अंक का होगा। तीनों प्रश्नपत्र की एक ही बुक लेट होगी **(जैसे:रसायन विज्ञान विषय के तीनों प्रश्नपत्र BSCCH-101,BSCCH-102 एवं BSCCH-103)** ।

उपरोक्त कार्य में परीक्षा विभाग आई0सी0टी0 विभाग से सहयोग लेते हुए कार्य सम्पादित किये जाने पर संस्तुति प्रदान की गई।



परीक्षा नियंत्रक
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी (नैनीताल) उत्तराखण्ड

21

## प्रस्ताव–14.4

**परीक्षाओं के उपरान्त दिये जाने वाले मानदेय में सहायक परीक्षा नियंत्रक एवं उप परीक्षा नियंत्रक के भुगतान के संबंध में।**

परीक्षाओं के कार्य सम्पादन हेतु जिन अध्यापकों को परीक्षा अनुभाग में उप/सहायक परीक्षा नियंत्रक नामित किया गया है उन सभी को निर्धारित मानदेय राशि पर परीक्षा का मानदेय भुगतान होगा। जिस पर समिति द्वारा सर्वसम्मति से संस्तुति प्रदान की गई।

**प्रस्ताव–14.5 अध्यक्ष की अनुमति से अन्य आवश्यकीय प्रस्ताव**

1. ऑनलाइन सत्रीय कार्य के किसी भी प्रकरण हेतु सत्रीय कार्य समिति द्वारा अपने स्तर से प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करेंगी।

बैठक के अन्त में सभी सदस्यों का सचिव, परीक्षा नियंत्रक द्वारा धन्यवाद ज्ञापित करते हुए अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक का समापन किया गया।

सदस्य सचिव ,
परीक्षा समिति

परीक्षा नियन्त्रक
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी (नैनीताल) उत्तराखण्ड

Negi
अध्यक्ष,
परीक्षा समिति